राष्ट्रीय बाल भवन में ग्रीष्मोत्सव 29 से

विस, नई दिल्ली: दिल्ली के बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय बाल भवन में ग्रीष्मोत्सव 29 मई से 28 जून तक लगाया जाएगा। इस उत्सव के दौरान हर हफ्ते विशेष सभाएं भी रखी जाएंगी, जहां बच्चों को अपने हुनर को निखारने और पेश करने का मौका मिलेगा। प्रतिष्ठित कलाकार इन सभाओं में आमंत्रित हैं जो बच्चों को सिखाएंगे और प्रेरित करेंगे। 5 से 16 साल की उम्र के बच्चों के लिए यह बाल भवन हर साल यह उत्सव रखता है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे शरीक होते हैं। बच्चों का सदस्यता शुल्क 200 रुपये हर साल है और वो किन्हीं दो गतिविधियों में अपना नाम लिखवा सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के लिए कोई फीस नहीं है। राष्ट्रीय बाल भवन पूरी दिल्ली में ग्रीष्मोत्सव के लिए 800 रुपये की दर से परिवहन सुविधा भी देता है।

अपने हुनर को निखारने और पेश करने का मौका मिलेगा